**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी चंडीगढ़**
**(तिथि 22 मई 2025, समय 1810 (10 मिनट)**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पाकिस्तान के साथ न व्यापार होगा और न ही बातचीत होगी और अगर बातचीत होगी तो केवल पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर पर होगी।

प्रधानमंत्री ने आज, बीकानेर के पलाना से 86 जिलों में पुनर्विकसित 103 अमृत स्टेशनों के साथ हरियाणा के डबवाली के अमृत भारत रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने युवाओं से तिरंगे की शान के लिए सेवा, समर्पण और स्वाभिमान के पथ पर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

श्री नायब सिंह ने कहा है कि पीने के पानी को लेकर पंजाब के मुख्यमंत्री द्वारा की जा रही राजनीति शोभा नहीं देती।

मुख्यमंत्री ने जेल विभाग में जेल वार्डर के लगभग 1300 पद भरने की घोषणा की।

******************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट करके पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सशस्त्र बलों को कार्रवाई करने की पूरी छूट दी थी, इससे तीनों सेनाओं को अपने लक्ष्यों को पूरा करने में मदद मिली और पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर होना पड़ा। श्री मोदी ने यह बात राजस्थान के बीकानेर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कही

श्री मोदी ने कहा -

***"22 अप्रैल को आतंकवादियों ने धर्म पूछकर हमारी बहनों की मांग का सिंदूर उजाड़ दिया था। हर देशवासी ने एकजुट होकर संकल्प लिया था कि आतंकवादियों को मिट्टी में मिला देंगे।***

***तीनों सेनाओं ने मिलकर ऐसा चक्रव्यूह रचा कि पाकिस्तान को घुटना देखने के लिए मजबूर कर दिया।"***

प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान कभी भी भारत से प्रत्यक्ष युद्ध में नहीं जीत सकता, इसलिए वह आतंकवाद को बढ़ावा देकर छद्म युद्ध में शामिल है। ।

श्री मोदी ने कहा कि भारत ने साफ कर दिया है कि पाकिस्तान को हर आतंकी हमले की और भारतीयों के खून से खेलने की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। श्री मोदी ने कहा कि पाकिस्तान के साथ न तो व्यापार होगा और न ही बातचीत होगी और बातचीत होगी ओ सिर्फ पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर पर होगी।

***"पाकिस्तान के साथ न ट्रेड होगा न टॉक। अगर बात होगी, तो सिर्फ पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की और अगर पाकिस्तान ने आतंकियों के सपोर्ट करना जारी रखा, तो उसको पाई-पाई के लिए मोहताज होना होगा और दुनिया की कोई ताकत हमें इस संकल्प से डिगा नहीं सकती है।"***

पिछले 11 वर्षों में देश में मजबूत बुनियादी ढांचा बनाने के लिए की गई पहलों पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा आधुनिक सड़क और रेल बुनियादी ढांचा बनाने के लिए कई बड़ी पहल की गई हैं। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे से व्यापार, पर्यटन और औद्योगीकरण को बढ़ावा मिलेगा तथा जीवन आसान होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज, बीकानेर के पलाना में एक सार्वजनिक सभा के दौरान 26 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया। इस अवसर पर, प्रधानमंत्री ने 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 86 जिलों में 103 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों का उद्घाटन भी किया।

इन 103 रेलवे स्टेशनों में हरियाणा के सिरसा जिले के डबवाली के पुनः विकसित किए गए अमृत भारत रेलवे स्टेशन भी शामिल है।

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने डबवाली में आयोजित कार्यक्रम में विशेष रूप से शिरकत की।

इस अवसर पर डबवाली स्टेशन पर पलाना से प्रधानमंत्री का संबोधन प्रसारित किया गया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा -

डबवाली रेलवे स्टेशन पर राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय के अलावा पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल व विधायक आदित्य चौटाला भी मौजूद रहे।

**************************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने युवाओं से तिरंगे की शान के लिए सेवा, समर्पण और स्वाभिमान के पथ पर आगे बढ़ने का आह्वान किया है।लाडवा शहर में ऑपरेशन सिंदूर-तिरंगा यात्रा की अगुवाई करने से पूर्व उपस्थित लोगों को संबोधित करते है।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से प्रधानमंत्री ने पूरे विश्व को संदेश दिया है कि वो अपने नागरिकों की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकते है।

मुख्यमंत्री ने हरियाणा की वीर भूमि को नमन करते हुए कहा कि यहां से लाखों जवान भारत माता की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं।हमारी संवाददाता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने लाडवा बस अड्डा से ऑपरेशन सिंदूर तिरंगा यात्रा की शुरुआत की। उन्होंने, यात्रा के मदनलाल ढींगड़ा चौक पर पहुंचने पर शहीद मदनलाल ढींगड़ा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके बाद लाडवा-के विभिन्न इलाकों से होती हुई यह यात्रा रामकुंडी पर संपन्न हुई। युवाओं, महिलाओं, और बुजुर्गों ने मुख्यमंत्री की अगुवाई में तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में भाग लिया।मुख्यमंत्री ने रामकुंडी धर्मशाला के सभागार में पहलगाम के बलिदानियों को पुष्पर्पित कर श्रद्धांजलि भी दी।

**************************************************************************

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा सतलुज यमुना पर दिए गए बयान को लेकर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान अहंकार में हैं, उन्हें पीने के पानी को लेकर इस प्रकार की राजनीति शोभा नहीं देती।उन्होंने कहा कि इन महीनों में तो लोग जगह-जगह पानी की छबील लगाकर पुण्य कमाते हैं। गुरुओं ने भी पानी पिलाने का संदेश दिया है। पंजाब की मान सरकार को सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के फैसले को स्वीकार करना चाहिए।उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वे राजनीति से ऊपर उठकर हरियाणा को उसके हिस्से का पानी दे।आज लड़वा के रामकुंडी में मीडिया से

बातचीत करते हुए सोशल मीडिया पर लगाम बारे मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग असामाजिक कार्यों में संलपित हैं कानून उनके खिलाफ नियम अनुसार कार्रवाई कर रहा है। विभिन्न जांच एजेंसियां देश हित की जानकारियां पाकिस्तान को देने पर नियमानुसार कार्रवाई कर रही है।इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला के 25 तारीख से हरियाणा प्रदेश से पंजाब को जाने वाली रास्ते को बंद करने का मुद्दे को लेकर कहा कि यह उनके क्रांति दल का एजेंडा है।

*************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री  नायब सिंह सैनी ने जेल विभाग में बड़े पैमाने पर भर्ती अभियान की घोषणा की है।  उन्होंने कहा है कि राज्य की न्यायिक और सुधारात्मक प्रणाली को और मजबूत करने के लिए जेल वार्डरों के लगभग 1300 पद जल्द ही भरे जाएंगे। उन्होंने कहा कि जेल विभाग में मेडिकल और पैरामेडिकल रिक्तियों के साथ-साथ करनाल में नवनिर्मित जेल प्रशिक्षण अकादमी के लिए आवश्यक स्टाफ के पदों पर भी कल भर्ती की जाएगी।मुख्यमंत्री ने यह घोषणा भी की है कि लगभग 300 करोड़ रुपये के निवेश से पंचकूला, दादरी और फतेहाबाद में नई जेलों का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा, करनाल में जिला जेल परिसर में एक गौशाला भी शुरू की जाएगी।

*************************************************************************

पलवल जिले में लिंगानुपात सुधारने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आज बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत एक जागरूकता मोबाइल वैन चलाई गई। मोबाइल वैन विभिन्न गावों में जाकर लोगों को जागरूक करेगी।पलवल के उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।